पंजाब केसरी 29/09/2022

# जी.एम.एन. कालेज में आयोजित किए कार्यक्रम, प्राचार्य ने रैली को दिखाई हरी झंडी

अम्बाला छावनी, 28 सितम्बर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में प्लेसमैंट सैल मैनेजमैंट विभाग और साइकोलॉजी डिपार्टमैंट द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. वी.के. जैन के भाषण से शुरू हुआ। प्राचार्य ने करियर डिवैल्पमैंट, परपस ऑफ यूजफुल मोबाइल और परपस ऑफ स्टडी के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इनके पदाधिकारियों में देवेंद्र, तानिया और महिमा ने कंपटीशन और केस स्टडी के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को अवगत करवाया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने कई ईनाम भी जीते। इस मौके पर प्लेसमैंट सैल की संयोजिका और साइकोलॉजी डिपार्टमैंट की विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग और मैनेजमैंट विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती विज के साथ डा. अमिता, प्रो. अमनीश भी मौजूद रहे।

## जागरूकता के लिए निकाली रैली

कालेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक बैन विषय पर कालेज प्राचार्य डा. वी.के जैन के नेतृत्व में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें कालेज प्राचार्य डा. वी.के जैन ने रैली को हरी झंडी देकर गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल बी.सी. बाजार तक के लिए रवाना किया। संयोजिका डा. ज्योति सोरोत ने बताया कि समाज को जागरूक करने के लिए और खास तौर पर स्कूल के विद्यार्थियों में यह संदेश देना जरूरी है कि प्लास्टिक का कचरा पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा है। कार्यक्रम के सह-संयोजक डा. अमित कुमार ने भी संबोधित किया।

## कोविड एप प्रतियोगिता में लिया 89वां स्थान

उधर, कॉलेज के बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र साईं चंद्रन ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से कोविड-19, कोविन एप पर एक त्रुटि को ठीक करने के लिए एक ओपन प्रतियोगिता में पूरे देश में 89वां स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 2.35 लाख प्रतिभागियों ने अपना कोड भेजा था। प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा व प्राध्यापिका गायत्री की सराहना की।

विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने बताया कि साईं चंद्रन को कोडिंग बहुत पसंद है।

उन्होंने 17 साल की उम्र में कोडिंग शुरू कर दी थी। चंद्रन को इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा।



कॉलेज से निकाली जा रही रैली को हरी झंडी दिखाते हुए प्राचार्य। (केसरी)



89वां स्थान पाने विद्यार्थियों को बधाई देते प्राचार्य। (केसरी)